हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 पांचवां नवरात्रः श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता से मांगी मन्नतें


12 सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा कार्यालय में पीएम....


## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर नौ के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** जुलाना में रंजिशन हमला कर व्यक्ति से मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने पांच युवकों को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जुलाना निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोहल्ला के ही दीपक व साथियों से कहासुनी हो गई थी। उस समय मामला शांत हो गया था।

### 7.71 ग्राम हेरोइन सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्युरो युनिट करनाल टीम द्वारा पूंडरी क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 7.71 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एचएसएनसीबी युनिट करनाल के एएसआई नरेंद्र कुमार की टीम गश्त दौरान फतेहपुर क्षेत्र में मौजूद थी। जहां पुलिस पार्टी को एक गुप्त सूचना मिली कि फतेहपुर विवासी गौरव उर्फ विक्की पदार्थ हेरोइन बेचने का काम करता है।

### मोटरसाइकिल चालक को जमकर पीटा, केस

**जींद।** गांव खेडा खेमावती बस अड्डे के निकट पहले बाइक को टक्कर मार गिराया। फिर बाइक चालक पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया है। साहनपुर निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव खेड़ा खेमावती निवासी विनेश के साथ कहासुनी हो गई थी।

### पपराला ग्रिड के निकट व्यक्ति के साथ मारपीट

**कैथल।** कस्बा चीका के पपराला ग्रिड के निकट हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस संबंध में गगड़पुर के सूरज राम ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 सितंबर को जब वह सायं को करीब 4:00 बजे पपराला ग्रिड के निकट से जा रहा था तो प्रिंस, सत्यम, दिलराज, बोली व अन्य युवक ने लाठी तलवार तथा कृपाण से हमला करते घायल कर दिया।

### देवर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

**अलेवा।** अलेवा थाना के अंतर्गत लगने वाले गांव निवासी महिला ने देवर पर छेड़छाड़ व सास, ससुर पर बंधक बनाने, मारपीट व मारने की धमकी देने के आरोप लगाते मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में थाना के अंतर्गत लगने वाले गांव निवासी महिला ने बताया कि देवर, सास व ससुर से परेशान होकर गांव छोड़कर नरवाना में रह रही थी।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

**कैथल।** चीका के पिहोवा रोड हंसनगर से चोर रात के समय एक दुकान का ताला तोड़कर 15000 की नकदी चुरा कर ले गए। हरीश कुमार ने चीका पुलिस शिकायत में बताया कि 25 की रात को दुकान का ताला तोड़ते वहां से 15000 की नकदी वह अन्य सामान चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल सुमित ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करती है।

### डबल का झांसा देकर महिला से ठगे जेवर

**जींद।** एक व्यक्ति ने डबल करने का झांसा देकर महिला से आठ तोले सोने के आभूषण ठग लिए। शहर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। प्रेमनगर निवासी राजीव ने पुलिस एफआईआर में बताया कि मोहलखेड़ा निवासी प्रवीण उसकी पत्नी कविता के संपर्क में आया।

### अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर से लाखों की धोखाधड़ी के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रोहताश की टीम द्वारा करते आरोपी लाखनौरी जिला सहारनपुर निवासी विनित उर्फ हन्नी को काबू कर लिया गया।

## जींद में बन रहा देश का पहला हाइड्रोजन प्लांट



जींद। हाइड्रोजन प्लांट में निरीक्षण करते रेलवे के एमटीआरएस (मेंबर ट्रेक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) आर राजा गोपाल। *फोटो :हरिभूमि*

# हाइड्रोजन प्लांट में गैस बननी शुरु, अगले माह उद्घाटन

## एमटीआरएस निरीक्षण करने के लिए पहुंचे, आपात में कैसे निपटे, इसकी बारिकी से जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे के एमटीआरएस (मेंबर ट्रेक्शन एंड रोलिंग स्टोक) आर राजा गोपाल शनिवार को निर्माणाधीन हाइड्रोजन प्लांट पर पहुंचे और बारिकी से निरीक्षण किया। लगभग एक घंटे तक किए गए निरीक्षण के दौरान हाईड्रोजन प्लांट की हर यूनिट का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान छोटी-छोटी कमियां भी देखने को मिली, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए। सबसे बड़ी अहम बात यह है कि हाइड्रोजन प्लांट में गैस बननी शुरू हो गई है। अब अक्टूबर में प्लांट का उद्घाटन होगा। एमटीआरएस शनिवार सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर अपने यान में रेलवे जंक्शन पर पहुंचे। उनके साथ पीसीएमई डिंपी गर्ग, ईडीएमई (ईएनएचएम एंड प्रोजेक्ट) सतीश सिंह और ईडी (आरडीएसओ) भी रहे। वह सीधे अधिकारियों के साथ हाइड्रोजन प्लांट पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्लांट के बारे में जानकारी ली। रेलवे अधिकारियों ने नक्शे के माध्यम से उनको प्लांट के हर पहलू के बारे में बारीकी से समझाया। इसके बाद वह कंट्रोल रूम में पहुंचे। जहां उन्होंने आपातकाल से कैसे निपटें, उसके बारे में भी जानकारी ली।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

गौरतलब है कि जींद रेलवे जंक्शन के पास हाइड्रोजन गैस प्लांट का निर्माण कार्य जारी है। लगभग 118 करोड़ रुपये की लागत से हाइड्रोजन गैस प्लांट का निर्माण हो रहा है और यह गैस प्लांट दो हजार मीटर एरिया में लगाया जाएगा। निर्माण के बाद हाइड्रोजन गैस (फ्यूल) से ट्रेनों को चलाया जाएगा। ट्रेनें 140 किलोमीटर तक की रफ्तार से दौड़ेंगी। यह देश का पहला हाइड्रोजन प्लांट बना रहा है।

### पहली ट्रेन जींद-सोनीपत के बीच चलेगी

इसके लिए जींद जंक्शन पर वाशिंग लाइन के साथ ही करीब दो हजार गज जगह में हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण करवाया जा रहा है। प्लांट उत्पादन देने लगेगा तो इससे ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण पूरा होने के बाद यहां से होने वाले गैस से आठ-आठ बोगी वाली दो रेल गाड़ी चलाई जा सकेंगी। पहली ट्रेन जींद-सोनीपत के बीच चलेगी।

## एसडीएम ने किया नई अनाज मंडी का दौरा, दिए सख्त निर्देश

# धान खरीद प्रक्रिया में किसानों को नहीं आनी चाहिए कोई परेशानी : अजय सिंह

## किसान अपनी फसल को सुखाकर आएं, धान के अवशेष न जलाएं

**निर्धारित मानकों पर खरी उतरने वाली धान की खरीद की जाए**



कैथल। एसडीएम अजय सिंह धान खरीद का जायजा लेते। *फोटो :हरिभूमि*



गुहला-चीका। अनाज मंडी में पसरा फूंस । *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसडीएम अजय सिंह ने कहा कि जिला में धान खरीद का कार्य चल रहा है। किसानों को खरीद प्रकिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। सरकार द्वारा निर्धारित मानक अनुसार ही धान को खरीदा की जाए। वहीं किसान भी अपनी फसल को मंडियों में सुखाकर लेकर आएं, ताकि उसकी खरीद जल्द की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने किसानो से अपील की कि वे धान के अवशेष न जलाएं, बल्कि इनका उचित प्रबंधन करें। एसडीएम अजय सिंह शनिवार को कैथल स्थित नई अनाज मंडी का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इसके साथ ही किसानों व आढ़तियों से बातचीत की उनकी समस्याओं को सुना। मंडी में धान की ढेरियों पर जाकर नमी मापक यंत्रों से धान की नमी को चैक किया। अधिकारियों को निर्देश दिए सरकार द्वारा निर्धारित मानकों पर खरी उतरने वाली धान की खरीद सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। मौके अधिकारियों को कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों, मजदूरों, व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। धान खरीद के बाद उसका उठान जल्द किया जाए, ताकि मंडी में जाम जैसी स्थिति पैदा न हो। धान खरीद कार्य के दौरान गेट पास, पर्याप्त स्टाफ, पीने के पानी, बिजली, शौचालय आदि सभी मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त होनी चाहिए।

### जागरूकता अभियान चलाया

गांव सेगा व हरसोला में किया गया जागरूकता कार्यक्रम फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग द्वारा गांव सेगा व हरसोला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम अजय सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में प्रेरित किया और कहा कि पराली जलाने से जहां जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है, वहीं पर्यावरण प्रदूषण भी होता है। इसलिए सभी किसान फसल अवशेषों का प्रबंधन करें। ऐसा करने पर सरकार द्वारा 1200 रूपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों के निर्देश दिए की गांव में स्थित कस्टम हायरिंग सेंटर से किसानों को समय पर मशीन उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर कृषि विभाग के एसडीओ सतीश नारा सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि किसानों को जिले की मंडियों में धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। खरीद सीजन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिले की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्र में सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए के लिए नोडल अधिकारी लगाए जा चुके हैं। सभी नोडल अधिकारी एजेंसियों से तालमेल करते फसल को सरकार की हिदायतानुसार खरीद करना सुनिश्चित करेंगे तथा समयबद्ध उसका उठान करवाएंगे। कैथल एसडीएम अजय सिह को जिले का ओवर ऑल इन्चार्ज लगाया है। डीसी ने बताया कि कैथल पुरानी, नई, अतिरिक्त व बाबा लदाना मंडी के लिए एसडीएम अजय सिह, चीका मंडी के लिए एसडीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, कलायत मंडी के लिए एसडीएम अजय हुड्डा, रामथली मंडी के लिए एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, पूंडरी मंडी के लिए तहसीलदार दिनेश कुमार, अरनौली, भागल व राधे राधे मार्बल्स पटियाला रोड के लिए नायब तहसीलदार चीका बंसीलाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।



ढांड। रणदीप सुरजेवाला अनाज मंडी का दौरा करते व साथ में जिलाध्यक्ष रामचंद्र।

# गेहूं बुआई के लिए डीएपी की कालाबाजारी चरम परः रणदीप

- रणदीप सुरजेवाला ने किया ढांड अनाज मंडी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का चुनावी वादा पीआर धान 3100 प्रति क्विंटल पर खरीदने का पूरी तरह खोखला साबित हो गया है। आज खरीफ सीजन के पांचवें दिन भी सरकारी खरीद शुरू होने का नाम नहीं ले रही, और किसान नमी के बहाने 2,369 के एमएसपी से भी 500 रुपये कम पर मजबूर हैं। यह 'नायब झूठ' नहीं तो क्या है? भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज कैथल जिले ढांड अनाज मंडी का दौरा किया। भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर पर तीखा प्रहार करते रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि नायब सैनी 'नायब हैं गायब'। किसानों की मेहनत को मंडियों में लूटा जा रहा है, बाढ़ का 50 लाख एकड़ नुकसान मुआवजे के बिना सड़ रहा है, और गेहूं बुआई के लिए डीएपी खाद की कालाबाजारी चरम पर है। यह भाजपा का 'किसान विरोधी कुंभकर्ण नींद' है!/"सुरजेवाला ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले सैनी ने बड़े-बड़े जुमले उछाले कि धान का एक-एक दाना खरीदेंगे। लेकिन हकीकत में 10 जिलों की मंडियों में 5 लाख मीट्रिक टन धान पड़ा सड़ रहा है।

### फूंस के ढेर लगे, व्यापारियों ने जताया रोष

**गुहला-चीका।** शहर की अनाज मंडी की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। मंडी परिसर में लंबे समय से फूंस के ढेर लगे हैं, जिससे किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने तंज कसते कहा है कि मंडी का नाम अब 'फूंस मंडी' रख देना चाहिए, क्योंकि यहां अनाज से ज्यादा फूंस नजर आ रही है। व्यापारी सतपाल जैन ने बताया कि फूंस उठाने का ठेका पहले ही दिया जा चुका है, लेकिन ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है और प्रशासनिक लापरवाही के चलते मंडी की सफाई नहीं हो रही। एक आढ़ति ने मंडी संगठन ग्रुप में लिखा कि मंडी प्रधान और मार्केट कमेटी की अब कोई जरूरत नहीं है, इन्हें घर भेज देना चाहिए।

# पूंडरीः कंबाइन की टक्कर से बाइक चालक बेटे की मौत, पिता घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी क्षेत्र में कैथल-करनाल स्टेट हाईवे पर कंबाइन व बाइक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका पिता घायल हो गया। दोनों गांव टयौंठा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर पूंडरी की ओर आ रहे थे। जैसे ही कैथल-करनाल स्टेट हाईवे पर पहुंचे तो सामने से आ रहे एक कंबाइन ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके पिता को भी काफी चोटें आई हैं। राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दी और साथ ही पुलिस को भी सूचित किया। पूंडरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। वहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। उसके पिता का इलाज चल रहा है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि दोनों पिता-पुत्र हैं और किसी काम से टयौंठा गांव से पूंडरी आ रहे थे।

### युवक ने तोड़ा दम

पूंडरी चौकी इंचार्ज रामवीर सिंह ने बताया कि पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई और दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर युवक को मृत करार दे दिया गया, जबकि उसके पिता का उपचार जारी है।



### भ्रूण लिंग जांच करवाना कानूनी अपराध

**जींद।** उपस्वास्थ्य केंद्र झांझ कलां पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य की जांच की गई और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी गई। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया व पीएनडीटी एक्ट की जानकारी भी दी गई। एमपीएचडब्ल्यू रामदयाल व कमलेश देवी ने जागरूक करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक महत्वपूर्ण अभियान है, जो भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था ताकि बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। यह अभियान बेटियों के लिंग अनुपात में सुधार लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को कम करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है।

# जींदः ऑनलाइन वर्क फरोम का झांसा देकर लगाया 12.17 लाख का चूना

- व्हाट्सअप पर आए लिंक के क्लिक करने के साथ जुड़ा था टेलीग्राम ग्रुप से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




ऑनलाइन वर्क फरोम होम को झांसा देकर एक युवक को साइबर ठगों ने 12 लाख 17 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। रामराये निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई माह के अंत में उसके व्हाट्सअप पर लिंक आया। जिसके क्लिक करने के साथ वह टेलीग्राम गुरप से जुड़ गया। जिसमें ऑनलाइन होम फरोम वर्क में अच्छे खासे मुनाफे के बारे में बताया गया। जिसके बाद व्हाट्सएप पर बातचीत होनी शुरू हो गई। जिसके बाद आरोपितों ने उसका अकाउंट बना दिया।

### मामले की जांच जारी

जिस पर उसने आईडी पर रुपये लगाने शुरू कर दिए। मुनाफा भी वायलेट में अच्छा दिखाया जाता रहा। जब भी वह राशि निकलवाने की कोशिश करता तो कोई न कोई बहाना बना दिया। चार सितंबर तक वह 12 लाख 17 हजार रुपये लगा चुका था। आरोपित उसकी राशि निकालने की बजाय उस पर और राशि डलवाने का दबाव डालने लगे। जिस पर उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**योजना** — जिलेभर से 1102 आवेदन मिले, 30 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

# इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत विद्यार्थियों से आवेदन मांगे

विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से शुरू की गई इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अबतक जिलेभर से 1102 आवेदन आ चुके हैं। कक्षा छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी विज्ञान से संबंधित आइडिया 30 सितंबर तक ऑनलाइन दे सकेंगे। एक स्कूल से पांच आवेदन मांगे गए हैं। इस बार विभाग ने कक्षा 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों से भी आइडिया मांगे हैं। जबकि पहले कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते थे। इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों में छोटी आयु में ही विज्ञान की पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना व वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित व आकर्षित करना है। कार्यक्रम के तहत कक्षा छठी से 12वीं के मेधावी विद्यार्थीए जिनके आइडिया चयनित होते हैं उनको 10 हजार रुपये की अवॉर्ड राशि प्रदान की जाती है। इस राशि का उपयोग विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान का एक प्रोजेक्ट या मॉडल बनाने व उसे जिला स्तरीय प्रदर्शनी व प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचने के लिए किया जाता है। इसके तहत अवॉर्ड विजेता विद्यार्थी जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेता है।



जींद। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर लोहान।

### विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने का प्रयास

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर लोहान ने बताया कि विज्ञान विषय के प्रति विद्यार्थियों में रुचि पैदा करने के लिए इंस्पायर अवॉर्ड योजना एक अच्छा माध्यम है। इसके तहत विद्यार्थी नवविचारों को प्रकट कर सकते हैं। योजना के तहत छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के आवेदन 30 सितंबर तक मांगे गए हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा आवेदन करें ताकि शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# धोखाधडी कर 8.33 लाख हड़पने का आरोपित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में उलझा आठ लाख 90 हजार रुपये हडपने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव दबलैन निवासी अनिल ने गत 17 सितंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत पांच सितबर को उसके व्हाट्सअप पर लिंक आया हुआ था। जिसके खोलने पर वह एक गुरप से जुड़ गया। जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा बताया गया। झांसें में आकर उसने गुरप को ज्वायन कर लिया। जिसके साथ उसका अकाउंट भी बना दिया। जिसके बाद उसने निवेश करना शुरू कर दिया। आईडी वायलेट में अच्छा मुनाफा दिखाया जाने लगा। उसके निवेश करने का सिलसिल आठ सितंबर तक जारी रहा। जब तक वह संभलता तब तक वह आठ लाख 80 हजार रुपये लगा चुका था। साइबर थाना पुलिस ने अनिल की शिकायत पर आरोपित अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो चंडीगढ़ निवासी कुनाल खेड़ा का नाम सामने आया। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते कुनाल खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले साढ़े 37 हजार

**जींद।** रोहतक रोड पर एटीएम केबिन में राशि निकलवाने गई महिला के एटीएम कार्ड को बदल एक युवक ने साढ़े 37 हजार रुपये की राशि को निकलवा लिया। महिला की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किशनपुरा निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने ससुर का एटीएम कार्ड ले कर कार्यवश शहर आई हुई थी।

### जजपा का जिलास्तरीय कार्यक्रम जींद में आज

**उचाना।** जिलास्तर पर जजपा द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत जींद से की जा रही है। 28 सितंबर को जींद के गोहाना रोड स्थित पैलेस पर जिलास्तरीय मीटिंग होगी। जिलाध्यक्ष जोरा सिंह डूमरखा ने बताया कि राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा मीटिंग में पहुंचेंगे। कार्यकर्ताओं में मीटिंग को लेकर उत्साह है।

### संस्था दो को बांटेगी 100 मन अनाज के चेक

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने बताया कि संस्था दो अक्टूबर को दशहरे पर संस्था के 29वें वार्षिक अन्न वितरण समारोह का आयोजन करेगी। समारोह की अध्यक्षता संस्था के प्रधान राहुल अहिरका करेंगे। जबकि बतौर मुख्यअतिथि लज्जा राम आश्रम पिंडारा के महंत राजेश स्वरूप शास्त्री होंगे व अति वशिष्ठ अतिथि आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहिरका के प्रबंधक वजीर सिंह ढांडा व जोशी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जोशी होंगे।

### ट्रैफिक एसएचओ शमशेर सिंह को किया सम्मानित

**जींद।** ड्यूटी के प्रति पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी का उदाहरण पेश करने वाले जींद ट्रैफिक पुलिस के एसएचओ शमशेर सिंह को आज विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान जींद के डिप्टी सिविल सर्जन डा. राजेश भोला, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल तथा महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष राजकुमार भोला द्वारा शाल ओढ़ाकर और पौधा भेंट कर प्रदान किया गया।

### खो-खो में तीसरे स्थान पर रही महिला कालेज की टीम

**जींद।** राजकीय महिला कालेज की खो-खो टीम ने अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता राजकीय महिला कालेज में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया। एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना ने प्रथम स्थान, हिंदू कन्या कालेज जींद ने द्वितीय स्थान, राजकीय महिला महाविद्यालय जींद तथा यूटीडी सीआरएसयू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### रक्तदान शिवर एवं रोजगार मेला आज

**उचाना।** रविवार 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। बस स्टैंड के पास भगवान ब्राह्मण धर्मशाला में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। मा. रामप्रसाद, मा. अमित दुर्जनपुर ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ पुस्तक विमोचन भी होगा। शिवानिया पब्लिक स्कूल में रोजगार मेला आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला पहुंचेंगे तो अध्यक्षता विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे।

### ऑनलाइन रिपोर्टिंग के बहिष्कार का ऐलान

**जींद।** लंबित मांगो के पूरा न होने पर प्रदेश का एमपीएचडब्ल्यू वर्ग लामबंद है। एसो की राज्य प्रधान शर्मिला व महासचिव सहदेव आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत बहुउद्देश्यी महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों से संबंधित जायज मांगों के समाधान के लिए पिछले कई वर्षों से एसो संघर्षरत है एसो गत पांच अगस्त को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निमंत्रण पर प्रसशनिक निदेशक से वार्ता भी कर चुकी है।

---

*श्रद्धालुओं ने नर्वाण महायज्ञ में दी आहुति*

# पांचवां नवरात्रः श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता से मांगी मन्नतें

*प्रेम की मूरत है माता और मां को पाने का साधन भी प्रेम ही*

**स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। शहर के प्रसिद्ध मंदिर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती भी कह कर पुकारा जाता है। भागवान सकंद जी बालरूप में इन्हीं की गोद में विराजते हैं। इसलिए इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्य मंडी की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। नवरात्र में मां भगवती अपने भक्तों मनोकामना अवश्य पूरी करती है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि मंदिर प्रांगण में हर दिन जागरण का आयोजन किया जा रहा है।



जींद। जयंती देवी मंदिर में मां भवगती की आरती करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ में आहुति डालने के बाद पूजा करते श्रद्धालु।

**मन मां के चरणों में रखो**

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि संसार में रहते हुए सब काम करो किंतु मन मां के चरणावृद में पिरोकर रखो। यही सुख व शांति पाने का अमोध उपाय है। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। आचार्य ने कहा कि कछुआ रहता तो पानी में है, पर उसका मन रहता है किनारे पर जहां उसके अंडे रखे रहते हैं। इसी प्रकार संसार में रहकर संसार का कार्य तो करो किंतु मन मां के चरणों में पिरोकर रखो। मां से विमुख होकर यदि संसार में रहोगे तो दिनोंदिन उलझनों में फंसते चले जाओगे और यहां तक फंस जाओगे कि फिर पिंड छुड़ाना उसी प्रकार से मुष्किल हो जाएगा। जिस प्रकार मकड़ी अपने ही बुने हुए जाल में फंसी रहती है और उसी अवस्था में उसका प्राणांत हो जाता है। नर्वाण महायज्ञ में जैन धर्मार्थ के ट्रस्टी एससी जैन, डा. अनुपम भाटिया, डा. विवेक सिंगला, संदीप डोडा, राजबीर तंवर, गौरव गुम्बर, बीरबल परूथी, कपिल तंवर ने सपरिवार मां भगवती की पूजा अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। अनिल मंगला, विकास ग्रोवर, कर्ण सैनी, जगदीश मौजूद रहे।

---

# राधिका ने आर्चरी प्रतियोगिता में जीता सोना

**धनुष, बाण की कला में निखरी प्रतिभा, किया देश का नाम रोशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुडस्टॉक स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा राधिका ने राष्ट्रीय सीबीएसई आर्चरी प्रतियोगिता जो डीआरडीए संगरूर में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम गौरवपूर्ण ढंग से रोशन किया है। शानदार सफलता के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा और उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने कहा कि हमें अत्यंत गर्व है कि हमारी छात्रा राधिका ने अपने कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे वुडस्टॉक स्कूल का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि हमारे सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम राधिका को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और विश्वास करते हैं कि वह देश का मान और बढ़ाएंगी।



जींद। राधिका को सम्मानित करते हुए।

**सफलता स्कूल की प्रेरणा-गौरव का प्रतीक**

स्कूल प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने कहा कि राधिका की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून का प्रमाण है। आर्चरी जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में स्वर्ण पदक जीतना आसान नही है और राधिका ने इसे संभव कर दिखाया। वुडस्टॉक स्कूल के छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। राधिका की यह उपलब्धि न केवल एक छात्रा की सफलता है बल्कि पूरे स्कूल की प्रेरणा और गौरव का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि वह आने वाले समय में और भी ऊंचाइयां छुएगी और देश का नाम रोशन करेंगी।



वनों में राम से मिलने के बाद उनके खडाऊं सिर पर रख वापस अयोध्या लौटते भरत।

### राम को ढुंढने के लिए वनों मे पहुंचे भरत

**नरवाना।** पुरानी अनाज मंडी में श्री रामा भारतीय कला केंद्र द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। लीला के छठे दिन जहां भरत मिलाप का दृश्य देख दर्शक भाव विभोर हुए। इनसे पहले कैकई महल, कौशल्या महल निखादराज और अंत में चित्रकूट दिखाई गई। रामलीला मंचन में दिखाया गया कि भरत अपनी माता के महलों में आता है और वनों में जाने की आज्ञा मांगते हैं। उसके बाद वह वनों की और रवाना हो जाते हैं। जहां वनों में ढुंढते-ढुंढते भगवान राम के पास पहुंच जाते हैं। जहां भरत का राम के साथ मिलाप होता है। इसके बाद भरत भगवान राम की खडाऊ लेकर वहां से वापस लेकर अयोध्या आ जाते हैं और उस खडाऊ को सिंहासन पर रख देते हैं। भगवान राम, सीता और लक्ष्मण वनों में आगे की और चलते हैं और उनकी मुलाकात अगस्त ऋषि से होती है।

### राज्य स्तरीय सांझी उत्सव रोहतक में कल

**जींद।** हरियाणवी संस्कृति के सही रूप को संजोने और उसका देश दुनिया में प्रचार प्रसार करने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के सहयोग से हरियाणा लोक कला संघ रोहतक द्वारा राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा रोहतक के एण्डी स्टूडियो में 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जाएगा। बताया कि विजेताओं के लिए इस प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार, तृतीय पुरस्कार 21 हजार और 10 सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक 2100 रुपये दिए जाएंगे। बताया कि केवल महिलाओं के लिए हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को नाम, पता, आयु एवं आधार कार्ड की प्रति व्हाट्सएप से भेजनी होगी।

---

### देश के विकास वैश्य समाज की अहम भूमिका : गर्ग

**नरवाना।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में नरवाना में हुई। मीटिंग में वैश्य समाज व व्यापारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज ने व्यापार व उद्योग जगत में देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। जिसका लोहा पूरा देश माना है। गर्ग ने कहा कि देश के विकास व तरक्की में वैश्य समाज की अहम भूमिका है क्योंकि देश व हर राज्यों की सरकारों को सबसे ज्यादा टैक्स में समाज दे रहा है। यहां तक कि देश में सामाजिक व धार्मिक कार्यों में 62 प्रतिशत वैश्य समाज द्वारा खर्च किया जा रहा है। जो हमारे लिए बहुत खुशी की बात है जो हम सब का फर्ज बनता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने गरीबों व जरूरतमंद की मदद करके उन्हें ऊंचा उठाने का काम किया था। महाराजा अग्रसेन के नाम पर अग्रोहा धाम में भव्य शक्तिपीठ बनाया हुआ है।



नरवाना। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग पत्रकार वार्ता करते हुए।



जींद। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिंपी प्रथम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग और गणित विभाग द्वारा गांधी जयंती मनाने के लिए स्वच्छोत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता का विषय प्लास्टिक को ना कहें रहा। लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन एनसीसी तथा गणित विभाग की प्रभारी अंजू ने किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छह छात्राओं ने भाग लिया। इस विषय पर छात्राओं ने सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिंपी ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नंदिनी ने द्वितीय तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तनू और बीए गणित ऑनर्स की छात्रा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका तनू ने निभाई। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### कबड्डी में खटकड़ की बेटी ने जीता सिल्वर

**उचाना।** पलवल में आयोजित राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ में खटकड़ गांव की बेटी रेणु खटकड़ ने जींद की टीम की तरफ से खेलते हुए शॉनदार प्रदर्शन किया। जींद की टीम ने प्रतियोगिता में दूसरा प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल जीता। सबसे अधिक अंक रेणु खटकड़ के प्रतियोगिता में रहे। ऑलराउंडर खिलाड़ी की भूमिका प्रतियोगिता में टीम के लिए निभाई। रेणु खटकड़ किसान परिवार से संबंध रखती है। कबड्डी में देश के लिए खेलना उसका सपना है जिसके लिए वो पूरी मेहनत कर रही है। जींद जिले के लुदाना गांव में कबड्डी की कोचिंग वो ले रही है। पिता बलजीत खटकड़ ने बताया कि ये प्रतियोगिता सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में 24 से 26 सितम्बर तक हुई थी। रेणु खटकड़ 2025 में टीम हरियाणा की तरफ से खेलते हुए गोल्ड मेडल भी जीत चुकी है। बेटी को खेलों में हिस्सा लेने के लिए पूरा परिवार निरंतर प्रोत्साहित करता है। रेणु खटकड़ ने कहा कि बेटियां भी खेलों में हिस्सा लेने लगी है ये भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। माता-पिता बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित कर रहे है।



उचाना। ट्राफी के साथ खिलाड़ी रेणु खटकड़। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बच्चों से बातचीत करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने पीएमश्री स्कूलों का दौरा किया

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने शनिवार को गांव बेलरखाए भाणा ब्राह्मणा तथा नरवाना स्थित पीएम श्री स्कूलों का दौरा किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने सभी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के अनुसार उपलब्ध सहूलियतों का एक.एक कर बारिकी से संज्ञान लिया और विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रत्येक स्कूल में शिक्षा अनुकूल वातावरण होना बहुत जरूरी है ताकि छात्र खुशनुमा माहौल में एकाग्रता के साथ अपना अध्ययन कार्य कर सके। एसडीएम ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में संपूर्ण स्वच्छता एवं दुरुस्त साफ. सफाई पहली प्राथमिकता है जो सभी स्कूलों में होनी चाहिए। इसके अलावा पर्याप्त स्वच्छ पेयजल का प्रबंध होए साथ ही विद्यालय भवन में स्कूल टाइम के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति छात्र छात्राओं एवं स्टाफ के लिए अलग.अलग शौचालय स्कूल भवन में सीसीटीवी कैमरे भी होने चाहिए।

---



जींदा। स्वदेशी संकल्प यात्रा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों ने निकाली स्वदेशी संकल्प यात्रा

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय जींद के प्रधानाचार्य अजय कौशिक व संदीप द्वारा संगठन की रीति नीति को बढ़ावा देते स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। हरी झंडी दिखाकर प्रधानाचार्य ने स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ व भारत माता की जयघोष के साथ स्वदेशी संकल्प यात्रा को नगर में प्रेषित किया। संकल्प यात्रा की अगवानी विद्यालय के वाणिज्य प्रवक्ता संदीप द्वारा की व छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए प्रधानाचार्य के साथ-साथ सतीश, बलराम, पूर्णिमा, नीलम व रितु विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह स्वदेशी संकल्प यात्रा विद्यालय के आसपास के क्षेत्र में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता को लेकर जारी रही। इससे पूर्व संदीप द्वारा छात्रों को विद्यालय की वंदना सभा में स्वदेशी सप्ताह के बारे में बतलाते स्वदेशी व विदेशी कम्पनियों की जानकारी दी गई। कहा कि देश की प्रगति आज के युवा पर निर्भर करती है। इसलिए हम सभी को विदेशी वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हम जितना अधिक स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे देश की आर्थिक स्थिति उतनी ही सुदृढ़ होगी।

# सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा कार्यालय में पीएम के जीवन से संबंधित प्रदर्शनी लगाई

- प्रदर्शनी में बाल, सामाजिक, राजनीतिक व संघर्षशील जीवन दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 15 दिन से चल रहे सेवा पखवाड़े में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक शिव नारायण शर्मा रहे। इस सेवा पखवाड़े में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन संबंधी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें उनके बाल जीवन, सामाजिक जीवन, राजनीतिक जीवन, उनका संघर्षशील जीवन तथा उनकी अपने देश के प्रति देशभक्ति की भावना को दर्शाया गया।



जींद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संगठन मंत्री फड़ींद्र नाथ।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

प्रदर्शनी में उनकी भारत को विश्व गुरू बनाने की सोच, स्वदेशी उत्पाद प्रयोग करना, मेक इन इंडिया तथा डिजिटल इंडिया को अपने देश को विश्व में अलग पहचान दिलाने की सोच को दर्शाया गया। इस सेवा पखवाडा प्रदर्शनी के मुख्यअतिथि प्रदेश संगठन मंत्री फड़ींद्र नाथ थे। उन्होंने इस आयेजन को आयोजित करने के लिए शिव नारायण की सराहना की तथा प्रधानमंत्री के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री के देश को चलाने की नीतियां, विदेशी नीतियां तथा उनका देश को साथ लेके चलने की बात की तथा उनके जीवन की महत्वपूर्ण बातों को बताया। अवसर पर जिला प्रभारी मदन गोयल, जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल तथा महामंत्री जितेन्द्र रोढ़, सभी जिला उपाध्यक्ष, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, प. रामफल शर्मा आदि उपस्थित रहे।



जींद। मीटिंग में मौजूद रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ के पदाधिकारी।

### जिला कार्यकारिणी की बैठक

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ जिला इकाई की बैठक जिला प्रधान ओम सिंह खोखरी की अध्यक्षता में पिंडारा धर्मशाला में हुई। मंच का संचालन महासचिव महावीर सिंह दहिया ने किया। बैठक में किताब सिंह भनवाला को जाट सभा का उप प्रधान तथा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान ओम सिंह खोखरी को कार्यकारिणी सदस्य बनने पर बधाई दी गई। इसके बाद एजेंडे के अनुसार सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। प्रधान ने सभी हलकाध्यक्षों को हल्का स्तर पर हर महीने मीटिंग करने का प्रस्ताव रखा और सभी ने इसका समर्थन किया। प्रदेश प्रतिनिधि राजकुमारी ने भी अपने विचार रखते हुए प्रकोष्ठ को मजबूत करने पर जोर दिया। चंद्रभान जांगडा ने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए प्रकोष्ठ के संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। महासचिव महावीर दहिया ने रिटायर्ड कर्मचारियों के सभी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और वोट चोरी के विरोध में जागरण अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा। मीडिया कॉआर्डिनेटर किताब सिंह भनवाला ने मौजूदा सरकार द्वारा जारी एक नोशनल इंक्रीमेंट देने के आदेशों को स्पष्ट किया।

---

**आश्वासन** टेकराम कंडेला ने गांव की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# सीएम ने जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन

सीएचसी सेंटर कंडेला का बजट मंजूर, जल्द से जल्द लगाया जाएगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने चंडीगढ़ में जाकर मुख्यमंत्री निवास पर नायाब सिंह सैनी से गांव कंडेला के विकास कार्यों के बारे में मुलाकात की। कंडेला ने बताया कि सीएचसी सेंटर कंडेला का बजट मंजूर हो चुका है। इसका जल्द से जल्द टेंडर लगवाया जाए। उन्होंने कहा कि जींद-कैथल नेशनल हाइवे पर गंदे पानी के फैलाव के कारण रोड खराब हो चुका है। इस गंदे पानी की निकासी का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि सर्वजातीय खाप चबूतरे का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसका 10 प्रतिशत काम रहता है, जल्द से जल्द उसको भी पूरा करवाया जाए। गांव की आबादी में कैथल नेशनल हाइवे पर दोनों तरफ ब्लॉक लगवाई जाए साथ के साथ दोनों तरफ लाइट व सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। बाईडेरा तालाब की रिटर्निंग वॉल बनाई जाए। खाप के ऐतिहासिक चबूतरे पर प्रदेश के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने ई लाइब्रेरी की घोषणा कर रखी है, उसका कार्य भी जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। जींद-कैथल रोड अमरहेड़ी से शाहपुर गांव तक बारिश की वजह से टूट चुका है। इसकी जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए। कंडेला ने कहा कि जींद जिला राजनीति का केंद्र बिंदु है। यहां से सरकारें बनती और गिरती हैं। जींद जिले को खाफ पंचायतों व किसानों का गढ़ माना जाता है। जींद जिले ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई है।



जींद। सीएम से मिलते हुए टेकराम कंडेला।

**किसान व मजदूरों के हित सुरक्षित**

सीएम नायब सिंह सैनी ने आश्वासन दिया है कि कंडेला गांव व जींद जिले का विकास में विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस जिले को प्रदेश के अग्रणी जिले में स्थान दिया जाएगा। हरियाणा भारतीय किसान मजदूर यूनियन के हरियाणा के प्रधान राममेहर कंडेला ने धान खरीद, प्राकृतिक खेती, पशुधन को बढ़ावा देना व किसानों की अन्य मांगों पर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के हाथों में किसानों व मजदूरों के हित पूरी तरह सुरक्षित है।




नरवाना। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में तमन्ना प्रथम

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में पर्यटन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व एकदिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्राचार्य कृष्ण कुमार ने किया। विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के सहायक प्रोफेसर डॉ. महेश कुमार रहे। उन्होंने भारतीय भोजन व्यवस्था के ऊपर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से भारत के दक्षिणी क्षेत्रए उत्तर क्षेत्र पूर्वोत्तर आदि क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार का भोजन किया जाता है। यह सब भौगोलिक क्षेत्रए संस्कृति और परंपराओं पर निर्भर करता है। इस प्रकार की क्षेत्रीय विविधता हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक सामंजस्य के परिचायक हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीटीएम द्वितीय वर्ष की तमन्ना ने प्रथम, एमकॉम द्वितीय वर्ष की उषा द्वितीय तथा बीएससी लाइफ साइंस की सुनैना तृतीय स्थान पर रही। बीटीएम द्वितीय वर्ष के योगिक व बीएससी द्वितीय वर्ष के हर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### 30 को होगी दुर्गा अष्टमी की पूजा, तैयारी पूरी

**राजौंद।** आचार्य पंडित राम भगत हरितस ने बताया कि ज्योतिष पंचाग के अनुसार नवरात्रा शब्द का अर्थ है नव रात्रि प्रतिपदा से नवमी पर्यंत नवरात्रा कहलाता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत अनुसार वर्ष में चार बार नवरात्रे होते हैं। जिनमें चैत्र, अषाढ़, माघ, अश्विन मास लिए गए हैं। चैत्र, अषाढ़, ग्रीष्म कालीन नवरात्रे तथा माघ, अश्विन शरद् कालीन नवरात्रे के नाम से विख्यात है। आदि-शक्ति भवानी का स्मरण मुख्य काल नवरात्रा है।

### 7 दिवसीय रुद्र महायज्ञ हुआ संपन्न

**राजौंद।** राजौंद के बाबा बहादुरबण मंदिर में पिछले सात दिनों से चल रहे 7 दिवसीय रुद्र महायज्ञ समापन हो गया। 20 सितंबर से शुरू यह यज्ञ प्रतिदिन मंदिर में चलता रहा। जिसमें सात ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन विधिपूर्वक बणेश्वर महादेव का विधान से रुद्राभिषेक किया गया। इस महायज्ञ में नगर का पूरा सहयोग रहा। बाबा बहादुर बण मंदिर के महंत तेज गिरी जी ने बताया कि हर वर्ष बाबा बहादुरबण की पुण्य तिथि को लेकर इस यज्ञ का आयोजन किया जाता है।

### गुरु तेग बहादुर की धरती को नमन करने पहुंचे छात्र

**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका की कक्षा 11वीं व 12वीं की छात्राओं को शनिवार को स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहब पातशाही छेवीं ते नौवीं का भ्रमण करवाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना था। इतिहास प्रवक्ता सिमरनजीत सिंह ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि सिखों के नवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी, जब औरंगज़ेब के बुलावे पर दिल्ली जा रहे थे।

### 50 वर्षीय महिला से की छेडछाड, कपडे फाड़े

**कैथल।** सीवन के एक गांव में 50 वर्षीय महिला ने छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में सीवन थाना की पुलिस ने तीन युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीवन थाने में दी गई शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि 25 सितंबर की शाम के समय वह अपने घर पर अकेली थी और उसके परिवार के सदस्य भी घर पर नहीं थे। इसी दौरान युवक सौरभ युवक उसके घर में घुस गया। उसके साथ अन्य आरोपी गोविंदा और सावरी भी थे।

### शहीदी दिवस पर हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**कैथल।** शहीदी दिवस के अवसर पर आई.जी. कॉलेज, कैथल में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में लेखन कौशल, आलोचनात्मक सोच तथा देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। आरकेएसडी कॉलेज की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा महक और बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### स्वच्छता में उत्कृष्ट योगदान के लिए हरियाणा सरकार ने किया सम्मानित

# माघो माजरी ने रचा इतिहास जिले में जीता प्रथम पुरस्कार

**सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रदान की यह उपलब्धि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ग्राम पंचायत माघो माजरी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर ग्रामवासी और पंचायत मिलकर किसी लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएं तो बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। गांव ने स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता में उत्कृष्ट योगदान के दम पर कैथल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह पुरस्कार हरियाणा सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रदान किया गया। प्रदेश स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन पृथला (पलवल) में किया गया, जहां हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर गांव माघो माजरी का नाम प्रदेश स्तर पर गूंजा और पंचायत के कार्यों को विशेष सराहना मिली।



कैथल। सम्मान समारोह में सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार फौजी को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### सरपंच अमित दलाल ने जताया आभार

सम्मान प्राप्त करने के बाद ग्राम सरपंच अमित दलाल ने कहा कि यह उपलब्धि जिला प्रशासन और गांववासियों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के अधिकारी हमेशा हमें प्रेरित करते रहे हैं। उपायुक्त प्रीति (आईएएस), जिला परिषद कैथल के सीईओ एवं एडीसी सुरेश राविश, डिप्टी सीईओ एवं कैथल बीडीपीओ सुमित चौधरी के कुशल नेतृत्व में पंचायत ने लगातार प्रयास किए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला संयोजक प्रदीप कुमार और खंड संयोजक नरेंद्र चौशाला का भी विशेष योगदान रहा।

#### पंचायत और ग्रामीणों की रही मजबूत टीम

सम्मान समारोह में सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार फौजी, कर्म सिंह फौजी आहू, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर नरेंद्र चौशाला, डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस उपलब्धि से न केवल गांव माघो माजरी बल्कि पूरे कैथल जिले का गौरव बढ़ा है। सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार दलाल ने कहा कि इस सफलता के पीछे हमारी पंचायत और ग्रामीणों की टीम है क्योंकि कोई भी अभियान इनके बिना अधूरा और असफल होता है। हमें हर कदम पर पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिला है।

---

## दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का समापन


कार्यक्रम के दौरान कन्या महाविद्यालय स्टाफ के साथ विद्यार्थी ।

■ छात्राओं ने अपने हुनर से जीता सभी का दिल, मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अमिता राणा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा 2 दिवसीय भव्य प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने पूरे परिसर को उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता से भर दिया। इसका उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अमिता राणा और स्टाफ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। प्राचार्या ने चौधरी ईश्वर सिंह के शिक्षा क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी लगाई गई नींव आज बटवृक्ष का रूप ले चुकी है और इस तरह के आयोजन छात्राओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण हैं। पहले दिन क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। क्विज में टीम ई प्रथम, टीम डी द्वितीय और टीम बी तृतीय रहीं। पेंटिंग में शिवानी शर्मा प्रथम, डिंपल द्वितीय और अवनीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं। कविता पाठ में कावेरी प्रथम, भावना द्वितीय और सलोनी तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में नैंसी प्रथम, अवनीत कौर द्वितीय और राखी तृतीय रहीं। वहीं मोनो एक्टिंग में अवनीत कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे दिन का आगाज संगीत प्रस्तुतियों से हुआ। एकल वादन में मधु देवी प्रथम, करमजीत द्वितीय और शीतल तृतीय रहीं। गायन में मधु देवी प्रथम, मुस्कान द्वितीय और संजना देवी तृतीय रहीं। बीसीए की छात्राओं ने प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत कर लड़कियों की शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। नृत्य प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, सलोनी द्वितीय और शीतल तृतीय स्थान पर रहीं।

---

## सम्मान समारोह पिलनी में 16 नए योग शिक्षकों को बांटे प्रमाण पत्र

■ शिविर के समापन पर बड़े उत्साह के साथ ग्रामीणों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई

गांव पिलनी में पिछले 15 दिनों से चल रहा पतंजलि शिक्षक योग प्रशिक्षण शिविर रविवार को 16वें दिन हवन व सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ। शिविर के समापन पर बड़े उत्साह के साथ ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर 16 नए योग शिक्षकों को प्रमाण पत्र व योग पुस्तिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पिलनी थे। उनके साथ पंच अनिल शर्मा, राजेश शर्मा, आशीष, अश्वनी, राजीव, सुमन, सुकन्या देवी, संतरों, नीलम, पूर्व पंच प्रतिनिधि प्रवीण, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि श्याम सुंदर, रामभज, पूर्व पंच धर्मपाल, ओमप्रकाश सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। महिला वर्ग से कमलेश देवी, राधा देवी, रानी देवी, ब्रह्मपो देवी, शिवानी देवी, दूसरी शिवानी देवी शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुईं। वहीं पुरुषों में दीपक शर्मा, रोहतास शर्मा, राधेश्याम शर्मा, हम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, सोमनाथ शर्मा, मुकेश शर्मा, बीरभान शर्मा, बलराज शर्मा, राकेश शर्मा, अंकित शर्मा, पवन शर्मा, प्रदीप शर्मा, विमल वाल्मीकि, सुखवती वाल्मीकि, शिवानी कैद समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।


पाई। योग शिविर में मुख्य अतिथि नरेंद्र पिलनी पतंजलि समिति के योग शिक्षकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**सीवन।** खेलों के क्षेत्र में कैथल जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का डंका बजाने की ओर कदम बढ़ाया है। अंबाला स्थित करियर स्पोर्ट्स अकादमी में 27 व 28 सितम्बर को आयोजित होने वाली 12वीं राज्य स्तरीय जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की लड़कियों और लड़कों की टीमें आज उत्साह के साथ रवाना हुईं। टीम को हरी झंडी दिखाने से पूर्व प्रख्यात क्रिकेटर इंद्र गोस्वामी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत का लक्ष्य तो जरूरी है, लेकिन अनुशासन, ईमानदारी और खेल भावना को बनाए रखना सबसे बड़ा गुण है। कैथल की धरती ने हमेशा प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं और उम्मीद है कि यह टीम भी जिले का नाम रोशन करेगी।

## सेवा पखवाड़ा के तहत छात्रों ने ऋण मोचन तीर्थ स्थल का किया भ्रमण

■ छात्र-छात्राओं ने ऋण मोचन परिसर में की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत खंड स्तर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को ऐतिहासिक तीर्थ स्थल ऋण मोचन का भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं ने ऋण मोचन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान नगर की गलियों से निकाली गई रैली में छात्रों ने आकर्षक नारे और स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली को कार्यकारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डाइट कैथल से पधारे प्राध्यापक मिकेंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ जीवन संभव है और स्वच्छता को जीवन शैली का हिस्सा बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।


सीवन। माडल संस्कृति स्कूल में रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स व साथ में अध्यापक।

#### स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में करें शामिल

प्राध्यापक बहादुर सिंह ने अपने विचार रखते हुए छात्रों से अपील की कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या का हिस्सा होनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी अधिकारी आशुतोष व एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

## डीएवी स्कूल ने सफाई अभियान चलाया


गुहला-चीका। डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल चीका में सफाई अभियान चलाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**गुहला-चीका।** डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल चीका ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत स्कूल प्रिंसिपल राकेश कुमार ने स्कूल कैंपस से की इस दौरान सभी अध्यापकगण व अन्य कर्मचारियों ने मिलकर प्रिंसिपल के नेतृत्व में स्कूल कैंपस व बाहर की सड़क के पास सफाई अभियान में अपना योगदान डाला। इस दौरान प्रिंसिपल राकेश कुमार ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व कर्मचारियों को सफाई अभियान के बारे में जागरूक करते हुए ने बताया कि हमें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखना चाहिए। कचरा सड़क पर फेंकने की बजाए सफाई सेवकों को ही सौंपे। उन्होंने कहा कि हम घरों में गीले कचरे से खाद बना सकते हैं। यह कदम सफाई की दिशा में भी महत्वपूर्ण है ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बेहद आवश्यक है। प्रिंसिपल राकेश कुमार ने युवा वर्ग से अपील करते हुए कहा कि वे भी इस सफाई अभियान का हिस्सा बनें और स्वस्थ समाज निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण सेवा में में अपना योगदान डालें।

## रामलीला में आस-पास के गांवों से पहुंच रहे दर्शक, राममय हुआ वातावरण

■ श्रीराम-केवट संवाद सुनकर भाव-विभोर हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब सीवन द्वारा चल रही रामलीला के मंचन में शुक्रवार की रात्रि को श्री राम-केवट प्रसंग प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन मांगे राम शर्मा ने किया। रामलीला मंचन का शुभारंभ रोहित सैनी एवं वार्ड नंबर 09 के पार्षद धर्मेंद्र शर्मा ने रिबन काटकर किया। इस मंचन में श्री राम की भूमिका जोगिंदर शर्मा, लक्ष्मण का अभिनय सुनील सैनी, माता सीता का रोल में मुन्ना, और केवट की भूमिका चरणजीत मस्ती, आजाद सुरेश सैनी, जयपाल राही, मोहन सैनी, बंटी सैनी ने निभाई। सभी कलाकारों ने अपनी अद्भुत अदायगी से ऐसा वातावरण रचा कि दर्शकों को लगा मानो त्रेता युग की लीला उनके सामने जीवंत हो उठी हो और उनकी प्रभावी शैली ने पूरे प्रसंग को और भी मार्मिक बना दिया। रामलीला मंचन में प्रधान चेतन शर्मा, विनोद गौतम, कोषाध्यक्ष शेखर राणा व दर्शन सैनी, रोशन सैनी, अमित सैनी ने बताया कि रामलीला में प्रभु श्री राम के वन गमन तथा श्रीराम- केवट संवाद को सुनकर उपस्थित दर्शक भावविभोर हो गए। रामलीला की भावपूर्ण प्रस्तुति में श्री राम वन गमन के दृश्य की सजीव प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।


सीवन। रामलीला में मंच पर अभिनय करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने किया सीवन के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रशासन और डाइट की सहयोगी गतिविधियों के अंतर्गत सेवा पखवाड़े के अवसर पर एक शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण विद्यालय की छात्राओं को स्थानीय ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान उपलब्ध कराने और इतिहास के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रातः सभा में प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी ऐतिहासिक धरोहरें हमारी सांस्कृतिक पहचान और उत्पत्ति की कहानी बयां करती हैं। उन्होंने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे इन स्थलों का वैज्ञानिक व ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अवलोकन करें ताकि विषयगत समझ बढ़े और स्थानीय इतिहास के लाभकारी पक्ष समक्ष आ सकें। यह भ्रमण डाइट से पवन जांगड़ा व नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने विशेष रूप से डेरा बाबा नागा जी मंदिर व सीया वन मंदिर का दौरा कर वहां मंदिरों से जुड़ी लोक कथाएं और ऐतिहासिक विवरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।


सीवन। डेरा बाबा नागा जी में सफाई करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

---

## आईटीआई कैथल के विद्यार्थियों ने दीवार पर बनाई पीएम की पेंटिंग


कैथल। आईटीआई की दीवारों पर बनाई पीएम मोदी की पेंटिंग का अवलोकन करते डा. सुरेंद्र सैनी व अन्य।

**कैथल।** युवा आधिकारिक एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के दसवें दिन संस्थान की दीवारों पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित पेंटिंग करवाई गई। प्रातः छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों द्वारा संस्थान की साफ सफाई की गई। इसके बाद कैरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेशनल यूथ अवार्डी सुरेंद्र सैनी तथा शमशेर सिंह मलिक थे। कार्यक्रम अध्यक्षता प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल व अधीक्षक सोहनलाल कठवाड़ द्वारा की गई। सतीश मच्छाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में कड़ी मेहनत करनी चाहिए क्योंकि जब लक्ष्य निर्धारित करके कोई व्यक्ति कड़ी मेहनत करता है तो सफलता एक दिन निश्चित ही उसके कदम चूमती है। समाज में जिन लोगों ने कड़ी मेहनत करते हुए अपना लक्ष्य निर्धारित करके कार्य किया है।

### विद्यार्थियों और शिक्षकगणों ने जीवन में स्वछता अपनाने का लिया संकल्प

# जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**स्वच्छता से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा थीमः स्वच्छता ही सेवा बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस स्वच्छता शपथ पखवाड़े की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकगण को अपने स्कूल, घर और आसपास को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि /"स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। स्वच्छता से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। /"इस अवसर पर कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए 'हैंड वॉश और जल स्वच्छता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें, छात्रों को हाथ धोने की सही तकनीक और स्वच्छता की आदतें सिखाई गईं। साथ ही, विद्यार्थियों को जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के महत्व को भी बताया गया। कक्षा तीसरी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने जागरूकता गतिविधियां नारे लिखकर, पेंटिंग बनाकर, निबंध प्रतियोगिताओं में भाग लेकर और नुक्कड़ नाटक करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कक्षा एलकेजी, यूकेजी और प्रथम के विद्यार्थियों को स्वच्छता से जुड़ी छोटी-छोटी वीडियो दिखाई गईं। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों को खाने से पहले और बाद में हाथ धोने की गतिविधि के माध्यम से 'स्वच्छता ही सेवा' थीम को समझाया गया। जिसमें छात्रों को हाथ धोने की सही तकनीक और स्वच्छता की आदतें सिखाई गईं। कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थी और कुछ शिक्षक पास के गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को कचरे के प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।


प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता विद्यार्थियों को सफाई की शपथ दिलाते हुए

#### लोगों को किया जागरूक

जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा, /"स्वच्छता पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण पहल है जो हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक करती है। हमें अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए।/" उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल और कोषाध्यक्ष बलकार नैन ,जसवीर, सत्यवान माजरा, राजपाल, सन्नी, स्वतंत्र पाल, दलबीर, विक्रम, महावीर कुंडू, महावीर रावीश और रजत रापड़िया सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भी स्वच्छता पखवाड़े के आयोजन की सराहना की और विद्यालय के प्रयासों को प्रोत्साहित किया। इसका उद्देश्य स्वच्छ शहरों, स्वस्थ परिवेश और स्वच्छ भारत की दिशा में सक्रिय जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अभियान में वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण भी शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन ने स्वच्छता पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### आज उचाना में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल के पास चौ. फतेह सिंह मिल्क प्लांट के आऊटलेट का शुभारंभ 28 सितंबर को होगा। देवेंद्र कंदौला बुडायन ने देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पहुंचेंगे।

### विधायक ने खरीदी खादी स्वदेशी अपनाने का संदेश

**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने स्वदेश अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नए भारत की स्वदेशी क्रांति के ऊर्जा पुंज पीएम नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वदेशी की ध्वजावाहक खादी बनी है। खादी का एक-एक ताना-बाना आज विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहा है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संदेश पहुंचाए। देश में बनी वस्तुओं की खरीदारी करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना सहयोग दे। खादी कपड़े की खरीद करके इसकी शुरूआत करें।

### दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए फ्री कैंप

**राजौंद।** ग्राम सचिवालय कोटडा में मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा चलाई गई दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए फ्री कैंप का आयोजन किया गया। सरपंच मीना धर्मपत्नी सतबीर सिंह के द्वारा कैंप आयोजित किया गया। कैंप में दीपक शर्मा सी पी एल ओ ने सभी पात्र महिलाओं का पंजीकरण किया। ताकि कोई भी महिला इस योजना से वंचित न रह सके। उन्होंने बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी स्कीम स्कीम योजना के तहत जिन महिलाओं की आयु 23 वर्ष या उससे अधिक है। प्रथम चरण में परिवार की वार्षिक का एक लाख से अधिक न हो।

### वाल्मीकि संस्कृत विवि में चला स्वच्छता अभियान

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास था जिसमें विश्वविद्यालय के सभी सदस्य एक होकर एक साझा लक्ष्य की ओर बढ़े। अभियान के दौरान, समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ विश्वविद्यालय परिसर की सफाई की। झाड़ियों की कटाई से लेकर कचरा उठाने तक, हर कार्य को एक जिम्मेदारी के रूप में लिया गया।

### अंतिम चरण में निर्माणाधीन 4 फीट चौड़ा नए गेट का काम

# अब जच्चा-बच्चा को गायिनी वार्ड के पास मिलेंगी एंबुलेंस

**डिलीवरी के बाद महिलाओं को एंबुलेंस के लिए मुख्य गेट तक नहीं जाना होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए स्वास्थ्य प्रशासन लगातार काम कर रहा है। पहले गायनी वार्ड को पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया ताकि महिलाओं को उपचार के लिए परेशानी न हो। क्योंकि नई बिल्डिंग में ही आप्रेशन वार्ड व आप्रेशन के बाद जच्चा व बच्चा को ठहराने के लिए वार्ड है। ऐसे में अब गायनी वार्ड के पास ही चार फीट चौड़ा नया गेट बनाया जा रहा है।

निर्माणाधीन चार फीट के नए गेट का कार्य अंतिम चरण में है। अब डिलीवरी के बाद महिलाओं को एंबुलेंस के लिए मुख्य गेट तक नही जाना पड़ेगा। सीधे गायनी वार्ड के पास ही एंबुलेंस सुविधा जच्चा व बच्चा को उपलब्ध होगी।



जींद। चला हुआ निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

#### गेट बनने से जच्चा-बच्चा को मिलेगी सुविधा : पीएमओ

*नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि गायनी वार्ड के पास गेट लगाया जाएगा। जिसका कार्य अंतिम चरण में है। यहां गेट बनने से जच्चा व बच्चे को सीधे तौर पर एंबुलेंस सुविधा मिल जाएगी। वहीं एमरजेंसी वार्ड को 20 वार्ड का बना दिया गया है। फिटिंग कार्य जारी है। जल्द ही एमरजेंसी वार्ड पहले की तरह ही सुचारू हो जाएगा।*

#### जच्चा और बच्चा को पहले सिटी स्कैन के पास से जाना पड़ता था

*इस समय जच्चा व बच्चा को अगर एंबुलेंस से जाना है तो उसे सिटी स्कैन सेंटर के पास बने गेट पर जाना पड़ रहा है। या फिर पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी के आगे एंबुलेंस को खड़ा करना पड़ेगा। गायनी गायनी वार्ड तक एबुलेंस न पहुंचने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। अभी रास्ता नए भवन के सामने से होकर जाता है। जिसमें सीढ़ियां और दूरी ज्यादा है। अब निर्णय लिया गया है कि सीटी स्कैन के पीछे बने पार्क से रैंप को जोड़ा जाएगा। इसके लिए करीब 20 मीटर लंबी सड़क बनेगी। रैंप की मुख्य खिड़की तोड़ कर बड़ा दरवाजा लगाया जाएगा। इससे गाड़ी सीधे मुख्य द्वार तक पहुंचेगी और गर्भवती महिलाओं को स्ट्रेचर पर आसानी से ले जाया जा सकेगा।*

# सीआरएसयू में पर्यटन प्रबंधन व होटल विभाग में छात्रों ने सीखी पाक कला

- छात्रों ने खाना पकाने, सजावट और प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं पर काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। छात्रों द्वारा बनाए गए व्यंजन। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में होटल और पर्यटन प्रबंधन विभाग ने छात्रों के लिए विशेष व्यावहारिक पाक कला सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को आतिथ्य और पर्यटन उद्योग के उच्च मानकों के अनुरूप पाक कला कौशल और प्रस्तुति कला में प्रशिक्षण प्रदान करना था। सत्र में छात्रों ने न केवल स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार करने की तकनीकों को सीखा बल्कि उन्हें आकर्षक और पेशेवर तरीके से प्रस्तुत करने की कला में भी महारत हासिल की। यह सत्र छात्रों के लिए एक व्यावहारिक अनुभव रहा। जिसमें उन्होंने उद्योग की मांगों के अनुरूप खाना पकाने, सजावट और प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं पर काम किया। शेफ डा. प्रवीन ने छात्रों को लोकप्रिय वेस्ट इंडियन व्यंजन के व्यंजन बनाए। इनमें बॉम्बे सैंडविच, पाव भाजी, ग्रीन चटनी (पुदीना) हरा धनिया, रेड चटनी (इमली), लाल मिर्च चटनी, ग्रीन सलाद जैसे व्यंजन शामिल रहे।

# मार्केट कमेटी उचाना के चेयरमैन ने एसडीएम से की मुलाकात

- विधायक की अगुवाई में किसानों व आढ़तियों की सभी समस्याओं का किया जाएगा तत्काल समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने एसडीएम दलजीत सिंह से मुलाकात की। सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसको निष्ठा से निभाने का काम करूंगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में किसानों, आढ़तियों की किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसान, आढ़ती को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैय्या करवाई जाएगी। जो-जो वायदे किए है उन वायदों को विधायक पूरा करने का काम कर रहे है। किसान के बेटे होने के चलते विधायक किसानों की समस्याओं को जानते है। अतिरिक्त मंडी में धर्मकांटा लगाने की मांग किसानों की पूरी हुई तो छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटा लगाने की मांग भी किसानों की विधायक ने पूरी करने का काम किया है। विधायक की निरंतर बढ़ रही लोकप्रियता से विरोधियों की रातों की नींद उड़ रही है। विकसित उचाना के सोच के तहत निरंतर विकास कार्य उचाना में हो रहे है। जहां-जहां जरूरत होगी मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से रास्तों को पक्का करवाया जाएगा। विकसित उचाना का जो वायदा हलके के लोगों से किया है उस वायदे को पूरा करने का काम उचाना विधायक करेंगे।



उचाना। एसडीएम दलजीत सिंह से मुलाकात करते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि



कैथल। एसडीएम अजय सिंह को ज्ञापन सौपते भाकियू नेता व किसान।

# मिलीभगत कर औने-पौने दामों पर लूटा जा रहा किसान वर्ग : कसाना

**कैथल।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के प्रतिनिधिमंडल ने युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व में एसडीएम कैथल अजय सिंह को जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सरकार ने 22 सितंबर से धान खरीद का ऐलान कर दिय था जब सरकारी खरीद का समय तय हो गया तो इससे पहले ही जिला कैथल के ज्यादातर राइस मिलर ने अवैध रूप से शैलरो में धान जाम कर लिया है और अब मार्किट कमेटियों के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा फर्जी तौर पर धान की सिर्फ कागजात मे बोली दिखाई जाएगी और फर्जी गेट पास काटे जाएंगे। जिला प्रशासन को तुरंत सभी शैलरो में जाकर धान व चावल के स्टॉक की जांच करनी चाहिए और अवैध रूप से पाए जाने वाले चावल व धान मिलने पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जिला कैथल की सभी मंडियों में अन्य राइस मिलरो को रिलीज ऑर्डर जारी करके उनको भी धान खरीद की छूट मिलनी चाहिए।

# परिचय सम्मेलन को कामयाब बनाने पर राजकुमार गोयल सम्मानित

- सम्मेलन में 17 राज्यों से हजारों अग्रबंधु पहुंचे, 1200 रही प्रतिभागियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। राजकुमार गोयल को सम्मानित करते पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की बैठक प्रधान राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सात सितम्बर को जींद में आयोजित हुए उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर समीक्षा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने इस सम्मेलन को एक ऐतिहासिक सम्मेलन बताया।सफल सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं ने प्रधान राजकुमार गोयल को सम्मानित भी किया। प्रधान राजकुमार गोयल ने कहा कि सात सितंबर को जींद की धरती पर एक ऐसा ऐतिहासिक सम्मेलन हुआ जो आज तक कभी नहीं हुआ था। इसमें 17 राज्यों से हजारों अग्रबंधु पहुंचे। विवाह योग्य प्रत्याशियों की संख्या भी 1200 से ज्यादा रही। मंच से खूब परिचय हुए। इस समारोह की चुहूं और प्रशंसा हो रही है। रामधन जैन व सावर गर्ग ने कहा कि सम्मेलन एक महासम्मेलन साबित हुआ जो पूरे समाज की एकजुट मेहनत और आपसी सहयोग का परिणाम रहा। इसकी कामयाबी के पीछे प्रधान राजकुमार गोयल की मेहनत व प्रत्येक सदस्य ने जिम्मेदारी है।

# आंदोलन के लिए किसानों को मजबूर न करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस वरिष्ठ नेता विजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि किसान मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन सोप चुके हैं लेकिन एक हफ्ते बाद भी कोई जवाब नहीं मिला है। उपजाऊ जमीन सरकार को एक्वायर करने की क्या जरूरत पड़ी है। किसान बार-बार मना कर रहे हैं व सरकार धक्का करना चाहती है। यह किसानों को कमजोर करने की पॉलिसी है।

किसनों की जमीन पूंजीपतियों को लुटवा कर सरकार अपना घर भरना चाहती है। किसानों को न तो जमीन का भाव बताया जा रहा है और न ही कोई भी जवाब दिया जा रहा है और पोर्टल पर जमीन चढ़ा दी गई है। दो से चार करोड़ का तो यहां बाजारी ही भाव है। किसानों को सरकार की मंशा पर सौ प्रतिशत शक है और किसानों को इतना कमजोर न समझे सरकार अगर ऐसी तानाशाही सरकार ने की तो किसान रइंट का जवाब पत्थर से देना जानते हैं। किसानों को आंदोलन के लिए सरकार मजबूर न करे। छत्तीस जात का भाईचारा इस इसके खिलाफ है। कहीं बंजर भूमि में सरकार ये अपनी आईमटी बना लें।



विजेंद्र ढाठरथ।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 70 ग्रामीणों की जांची आंखें

- भारत विकास परिषद फतेहपुर व एक किरण उम्मीद फाउंडेशन ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी और एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन द्वारा /"हर घर दृष्टि बचाओ अभियान/" पटियाला आई केयर पुंडरी के सहयोग से गांव बरसाना में पंचायत घर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया है

/"हर घर दृष्टि बचाओ /"अभियान के मुहिम के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य प्रत्येक इंसान की आंखों को सुरक्षित करना, और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना।पटियाला आई केयर पुंडरी के सहयोग से आयोजित शिविर में 70 ग्रामीणों की जांच निःशुल्क की गई और हॉस्पिटल के संचालक सुनीता और विजय संगू ने फ्री में दवाई वितरण की भारत विकास परिषद की टीम के कार्यक्रम की संयोजिका महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने कहा लोगों की रोशनी बनिए और कुछ अलग कर दिखाइए और बोला अगर हरी - भरी प्यारी सी दुनिया को देखना चाहते तो अपनी आंखों से प्रेम करे, और निरंतर आंखों का चेकअप करवाते रहे।



पूंडरी। शिविर में भाग लेते भाविप सदस्य।

# सर छोटूराम शिक्षा समिति का भगत सिंह जयंती पर रक्तदान शिविर

- शिविर में 63 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में दीन बंधु सर छोटूराम शिक्षा समिति की ओर से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओंए सामाजिक कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया व 63 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में आईटीइ जुलाना के प्रधानाचार्य राजेश कुंडू ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। उनके अनुसारए एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है और रक्तदान करने से समाज में सहयोग और सेवा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को समाजसेवा की प्रेरणा देते हैं। युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। नशा नशे के आदी के शरीर परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है।



जुलाना। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते थाना प्रभारी।

# गोल्ड लाइफ स्कूल में बच्चों ने स्पेलिंग बी में दिखाई प्रतिभा

- स्कूल प्रबंधक यशपाल राणा व प्राचार्य शिव कुमार ने विजेता विद्यार्थी किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गोल्ड लाइफ स्कूल में क्लास ऑफ चैंप्स के विद्यार्थियों के बीच स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में अंग्रेज़ी शब्दों की सही वर्तनी तथा उनके अर्थ को समझने और याद करने की क्षमता को विकसित करना था। प्राचार्य शिव कुमार व प्रबंधक यशपाल राणा ने बताया कि प्रतियोगिता तीन चरणों में की गई जो लिखित परीक्षा, मौखिक व बज़र राउंड में हुई। उन्होंने बताया कि स्कूल में समय-समय पर पढ़ाई के साथ ऐसी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिसमें विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने व करने को मिलता है। प्रतियोगिता में ईशा ने प्रथम स्थान वृंदा व खुशी ने ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती हैं।



राजौंद। गोल्ड लाइफ स्कूल में स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य।

### नागरिक अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य कैंप आयोजित

**उचाना।** सेवा पखवाड़ा के तहत नागरिक अस्पताल प्रांगण में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत कैंप लगाया गया। आमजन को स्वस्थ, जागरूक रखने के लिए ये मेगा स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग ने बताया कि अनिमिनिया की जांच के साथ-साथ बीपी, शुगर की भी कैंप में की गई। टीबी संबंधित टेस्ट भी किए जा रहे है। आयुष्मान कार्ड वंदना योजना के तहत 70 साल से अधिक उम्र वालों के बनाए गए। कैंप के माध्यम से काफी लोगों का लाभ मिला। महिला, बाल रोग के अलावा अन्य बीमारी की जांच के लिए कैंप में मरीज पहुंचे। 379 से अधिक ओपीडी कैंप के लिए हुई। इस योजना के तहत दो दिन पहले भी मेगा कैंप का आयोजन किया गया था। निरंतर इस तरह के कैंपों का आयोजन किया जाता रहेगा। मरीजों को जांच के बाद दवा भी मुफ्त में दी जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### हारट्रोन स्किल सेंटर ने मनाया 24वां स्थापना दिवस, कार्यक्रम आयोजित

# रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्तदाता किए सम्मानित

**तकनीक अपनाने से ही जीवन में आगे बढ सकेंगे छात्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गोहाना रोड स्थित हारट्रोन स्किल सेंटर ने शनिवार को अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जींद और हारट्रोन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर सुरेंद्र दुहन भी समारोह में शामिल हुए। रोटरी क्लब की ओर से प्रधान तरुण जैन, सचिव अशोक शर्मा, आईपीपी बनिश गर्ग, प्रोजेक्ट चेयरमैन एडवोकेट माया राम देवली समेत ब्लड डोनर सुभाष ढिगाना व शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इन्नर व्हील यूनाइटेड के सदस्य भी प्रोग्राम में शामिल हुए। वार्षिक समारोह में बच्चों ने सोलो डांस, गायन, कविता पाठ, पहेली प्रतियोगिता जैसी विविध प्रस्तुतियां दी गई। जिनका उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए हारट्रोन मैनेजर अशोक शर्मा व प्रोजेक्ट चेयरमैन एडवोकेट माया राम देवली ने उन्हें सम्मानित कर उपहार प्रदान किए।



जींद। रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते हुए राजन चिल्लाना।

#### आज तेजी से बदलते युग में तकनीक का खास महत्व : अशोक शर्मा

*इस अवसर पर हारट्रोन मैनेजर अशोक शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए आज के युग में तेजी से बढ़ती तकनीक की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को नई-नई तकनीकों और आधुनिक युग में तकनीकी ज्ञान की अनिवार्यता के बारे में बताया। अशोक शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में जो भी छात्र तकनीक को अपनाएंगे वही आगे बढ़ पाएंगे। इसके साथ ही आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया। जिसमे एक रक्तदाता असबीर ने बताया कि उन्होंने 26वीं बार रक्तदान किया है और आगे भी इसी तरह समाज के काम आता रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं और बच्चों का आभार व्यक्त किया।*